कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला–जशपुर (छ.ग.)

प्रमाण–पत्र

विधानसभा निर्वाचन 2018 एवं शैक्षणिक सत्र–2018–19 में मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नोडल ऑफिसर **श्री डी.आर. राठिया, सहायक प्राध्यापक, शासकीय रा.भ.रा. एन.ई.एस. महाविद्यालय जशपुर** को 25 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर यह प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।

स्थानः– जशपुर

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला–जशपुर (छ.ग.)

Scanned with CamScanner

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी

जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रमाण-पत्र

स्वीप कार्यक्रम के तहत् मतदाता जागरूकता वर्ष 2020-21 में छात्र/छात्राओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का उल्लेखनीय कार्य करने के फलस्वरूप नोडल ऑफिसर **डॉ. आनंद राम पैंकरा** पदनाम **सहायक प्राध्यापक** को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिनांक 25.01.2021 को यह प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

25/1/2021

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला-जशपुर (छ.ग.)

CHHATTISGARH

मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी प्राचार्य डॉ. रक्षित, स्वीप प्रोग्राम के नोडल अधिकारी श्री सतपती को राज्य निर्वाचन आयोग ने किया पुरस्कृत

Published 11 months agoon January 27, 2022
By Rakesh Gupta

जशपुरनगर. भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 25 जनवरी को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जाता है । यह आयोजन की शुरुआत 2011 से हुई थी। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए क्योंकि भारत का प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश भावी भविष्य की नींव रखता है इसलिए हर एक व्यक्ति का अपने वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी बनता है।

भारत निर्वाचन आयोग का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से 1 दिन पहले 25 जनवरी 1950 को हुआ था क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था। इसलिए 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ। भारत सरकार ने वर्ष 2011 से हर चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की इस दिन देश में सरकारों और अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिससे देश की राजनीतिक प्रक्रियाओं में लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके । राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन लोगों को यह बताता है कि हर व्यक्ति के लिए मतदान जरूरी है।

मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य अधिकाधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

यह आयोजन वर्ष भर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने , मतदाता पुनरीक्षण /संशोधन के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य संपादित करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने तथा नए मतदाताओं को एपिक कार्ड बांटकर उन्हें तथा पुराने सभी मतदाताओं को अपने मतों का महत्व पहचानने वह मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है। इसी तारतम्य में जिला के स्वीप नोडल अधिकारी प्रवीण सत्पथी के द्वारा किए गए उपरोक्त उत्कृष्ट कार्यो के लिए राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ ने प्रशस्ति पत्र एवं 7000 नगद राशि देकर प्रवीण सत्पथी को सम्मानित किया।इस वर्ष कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रान के प्रसार की अधिकता के कारण राष्ट्रीय मतदाता दिवस की सभी कार्यक्रम ऑनलाइन प्लेटफॉर्म / आभासी पटल पर आयोजित किया गया।

ज्ञात हो कि श्री सतपथी के द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में वर्षभर अभियान चलाने व किए गए उत्कृष्ट कार्य संपादित करने के लिए एवं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर भी इनके द्वारा मतदाताओं को निरंतर जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार में अपनी भूमिका निभाने के लिए शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय , जशपुर के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार रक्षित ने गणतंत्र दिवस पर श्री सत्पथी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एके श्रीवास्तव, प्रो. डीआर राठिया, डॉ. एआर पैंकरा , सहित सभी प्राध्यापक ,अधिकारी व कर्मचारियों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी ।